**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 24.06.2026 (दोपहर–1310 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब से थोड़ी देर बाद रांची में स्वास्थ्य विभाग के नवनियुक्त अभ्यर्थियों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र; राज्य के चिकित्सा ढांचे को मिलेगी मजबूती।**
2. **केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का विपक्ष पर तीखा हमला, कहा– नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने वालों को चुनावों में मिला करारा जवाब।**
3. **नामांकन गड़बड़ी की जांच के लिए रिम्स पहुंची सीआईडी की टीम; स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा– गड़बड़ी में शामिल दोषियों के खिलाफ की जाएगी सख्त कानूनी कार्रवाई।**
4. **राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने केन्द्र के समक्ष मजबूती से रखा झारखंड का पक्ष, किसानों के लिए मांगा राहत पैकेज।**
5. **संताल दौरे के दूसरे दिन साहेबगंज के बरहरवा पहुंचे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, बीएलओ प्रशिक्षण का किया औचक निरीक्षण।**

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची के प्रोजेक्ट भवन सभागार में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के नवनियुक्त अभ्यर्थियों को अब से थोड़ी देर बाद नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इस विशेष समारोह में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। समारोह के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सक, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, सीनियर हॉस्पिटल मैनेजर और फाइनेंस मैनेजर जैसे पदों के लिए नियुक्ति पत्र दिये जायेंगे।

**********************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने पहले नारी शक्ति वंदन अधिनियम को खारिज कर डेस्क थपथपाकर जश्न मनाया था, जिसका महिलाओं ने चुनावों में करारा जवाब दिया। मंत्री ने कहा कि दशकों से लंबित इस ऐतिहासिक कानून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हकीकत में बदला है।

**********************

राज्य में ठोस कचरे से बिजली उत्पादन की दिशा में एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाया जा रहा है। शहर का कचरा लोगों के लिए परेशानी नहीं, बल्कि बिजली का एक नया और पर्यावरण–अनुकूल स्रोत बनेगा। पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी वेस्ट–टू–एनर्जी प्लांट के जरिए प्रतिदिन ठोस कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जाएगा, जिससे प्रदूषण में कमी आएगी और ग्रिड को अतिरिक्त बिजली की आपूर्ति होगी।

**********************

इस बीच भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि केवल घोषणाएं करने से धरातल पर काम नहीं होता और पूर्व की कई कल्याणकारी योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी हैं। श्री साह ने कहा कि नगर निगम और प्रशासन पहले शहर की चरमराई सफाई व्यवस्था को सुधारे, क्योंकि कचरे का सही उठाव न होने से जनता त्रस्त है।

**********************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने धनबाद के बरवाअड्डा में पत्रकारों से बातचीत में राज्यसभा चुनाव में गठबंधन उम्मीदवार की हार के लिए भाजपा पर धनबल का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। स्वास्थ्य व्यवस्था पर बात करते हुए उन्होंने दावा किया कि राज्य में 200 से अधिक सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों को लाया गया है और जल्द ही बड़े पैमाने पर नियुक्तियां की जाएंगी।

********************

राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने केन्द्र सरकार से राज्य के किसानों के लिए राहत पैकेज की मांग की। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित राज्यों के कृषि मंत्रियों की समीक्षा बैठक में उन्होंने किसानों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। उन्होंने टिड्डी हमले के खतरे से निपटने के लिए राज्य की सतर्कता और आकस्मिक कार्ययोजना की जानकारी दी।

********************

रांची स्थित रिम्स में नामांकनों में हुई कथित गड़बड़ियों की जांच के लिए झारखंड सीआईडी की टीम अस्पताल पहुंची है। सीआईडी के वरिष्ठ अधिकारियों ने रिम्स प्रबंधन से मुलाकात कर पूर्व में हुए एडमिशन से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेजों और फाइलों को अपने कब्जे में ले लिया है। इस बड़ी कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग में किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार या अनियमितता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

********************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने संथाल परगना दौरे के दूसरे दिन आज साहेबगंज के सीमावर्ती प्रखंड बरहरवा का दौरा किया। उन्होंने प्लस टू उच्च विद्यालय में बीएलओ और सुपरवाइजरों को दिए जा रहे विशेष प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण किया और मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यों को पूरी पारदर्शिता के साथ समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर अंतर्गत सोनपोखरी गांव में खेत की जुताई के दौरान एक पुराना मोर्टार शेल मिलने से कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं। सुरक्षा बलों ने मुस्तैदी दिखाते हुए सीआरपीएफ के बम निरोधक दस्ते की मदद से इस भारी विस्फोटक को सुरक्षित कर दिया है। पुलिस के अनुसार, सेना की विशेषज्ञ टीम की जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

********************

रेडियो फरमाइशों के लिए दुनिया भर में मशहूर कोडरमा का झुमरी तिलैया अब अपनी एक खास मिठाई के लिए विश्व मानचित्र पर चमकेगा। यह मिठाई है—केसरिया कलाकंद, जो जीआई टैग पाने वाला राज्य का एकमात्र खाद्य पदार्थ बन गया है। साठ के दशक में विभाजन की त्रासदी झेलकर पाकिस्तान से आए हंसराज और मुल्कराज भाटिया परिवार ने इस हुनर की नींव रखी थी। इस उपलब्धि से स्थानीय व्यवसाय को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई उड़ान मिलेगी।

********************

आज दोपहर के सेशन में घरेलू इक्विटी इंडेक्स लगभग 0 दशमलव 7 प्रतिशत ऊपर ट्रेड कर रहे थे। सेंसेक्स 603 अंक बढ़कर 76 हजार 804 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 154 अंक बढ़कर 23 हजार 978 पर पहुंच गया।

********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 35 हजार 800 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 35 हजार रूपये प्रति किलो है।

********************

चौदहवें पासपोर्ट सेवा दिवस के अवसर पर विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर ने सुरक्षित और सुगम यात्रा को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने बताया कि पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम के दूसरे चरण के तहत

चिप–आधारित ई–पासपोर्ट की शुरुआत और नए सुरक्षा केंद्रों की स्थापना से नागरिक सेवाएं अधिक पारदर्शी और सुलभ हुई हैं।

********************